उपेक्षित लोगों को धर्मप्रचारक भेजो

जो बच्चों को पढ़ाते हैं वह एस 2 बी का अध्ययन करें।

प्रार्थना: प्यारे प्रभु, तुम्हारी महान आज्ञा मानने में हमारी सहायता कर और अपने दासों को उन लोगों के बीच भेजो जिन्हें यह नहीं मालूम कि यीशु के सुसमाचार द्वारा पापों से मुक्ति मिलती है।

1. **एक मसीही आन्दोलन को शुरू करने की तैयारी करो, जो उपेक्षित लोगों के क्षेत्र में, जिनमें नए झुण्ड बढ़ते हैं, के बीच कार्य करें।**

नोट यरूशलेम, याफा, जोपा, अन्ताकिया, रोस, इफस्सुस, कुलुस्सि और अन्य शहरों की कलीसियाए, जो नए सुसमाचार में है, अपने दासों को दूसरी जगह भेजते थे कि वह चेले बनाएँ।

प्रेरितों के काम अध्याय 1:8 में ढूंढें, वह चार स्थान जहाँ यीशु ने अपने चेलों को भेजा कि वह उसकी गवाही दें। यरूशलेम (जो तुम्हारी समुदाय, सस्कृति और भाषा के सांदृश हैं), यहूदा (पास में, उपेक्षित समुदाय समान सस्कृति का), सामरिया (पास के अन्य सास्कृतिक समूह के समान) पृथ्वी के छोर तक (दूर लोगों का समूह बहुत भिन्न सभ्यता के साथ)



प्रेरितो के काम अध्याय 13:1-3 में ढूंढें, पौलस और बरनाबास को भेजने के लिए अन्ताकिया की कलीसिय ने क्या किया।

प्रेरितो के काम अध्याय 13 और 14 पढ़ें, उन चीज़ों का विवरण लिखें जिससे पौलुस और बरनाबास ने नई कलीसिया को शुरू किया।

प्रेरितो के काम अध्याय 14:26-28 में ढूंढें, पौलुस और बरनाबास ने क्या किया जब वह अपनी कलीसिया में वापस आए।

लूका अध्याय 24:46-48 में ढूंढें, हमें क्या घोषणा करनी चाहिए जब हम धर्म प्रचार करते हैं। जिन सेवकों को तुम भेजते हो, उन्हें कुछ कुशलता होनी चाहिए, जिसमें यह चार प्रवीणता शामिल है:

एक धर्मप्रचारक को चार निपुणताएँ सीखनी चाहिए।

दूसरों की सस्कृति को अपनाना।

- नए विश्वासियों को कभी जोर मत दो वह अराधना और धर्म प्रचार का कार्य आपकी अपनी कलीसियाओं की तरह करें
- सांस्कृतिक विभिन्नता का आदर करों। नए विश्वासियों से कुछ मत मांगों सिवाय इसके कि वह यीशु की आज्ञाओं तथा प्रेरितो का कहा मानें।
- सेवकों को अन्य भाषाएँ सीखनी चाहिए।
- नए विश्वासियों के लिए वही तरीका प्रयोग करना चाहिए, जिसकी वह नकल कर सके और दूसरों को बता सकें।
- केवल वही साधन प्रयोग करें जो नए सेवको को नई कलीसियाओं में उपलब्ध है।

- स्थानिय लोगों से सम्बन्ध बनाएँ। उनसे प्रेम करें। उनके बीच दोस्त बनाएँ।

2 इस प्रकार से सुसमाचार का प्रचार करें कि वह परिवार से परिवार तक, और दोस्तों से दोस्तों तक बहता जाए। यीशु के मरने और फिर जीवित होने की कहानी इस प्रकार बताए कि नए विश्वासी उनको अपने मित्रों को भी बता सकें। ऐसे साधनो या सामानो को प्रयोग न करें जो नए विश्वासियों को प्राप्त करने और प्रयोग करने में मुश्किलें आए (सिर्फ खास अवसरो या घटनाओ को छोड़कर)

3 यीशु की आज्ञाएं मानने के द्वारा नए विश्वासियों में से चेले बनाएँ। उसकी मूल आज्ञा है पश्चात्ताप करो और विश्वास करो, बपतिस्मा पाने के लिए और प्रभु भोज मनाने के लिए। मैं अन्य लोगों को और परमेश्वर को व्यवहारिक रूप में प्रेम करता हूँ, प्रार्थना करता हूँ ताकि चेले बनाऊँ।

4 वह गतिविधियाँ सीखे जो नए कलीसिया विकसित करने में नए सुसमाचार की माँग है।

- दूसरो को यीशु के बारे में बताएँ, और पश्चात्ताप करने वाले विश्वासी को बपतिस्मा दो। लूका 24:46-48, प्रेरितो के काम 2:38
- नए चेलों को यीशु की आज्ञाओं को मानना सीखाओ। मत्ति 28:18-20
- झुण्ड रूप में आराधना करें और प्रभु भोज मनाएँ। मत्ति 26:16-28
- प्रार्थना करें, मध्यस्थ बने और आत्मिक युद्ध करें। परिवार एक साथ प्रार्थना करें। इफिसियो 6:10-18
- प्रेमी सहभागिता पैदा करो और जरूरतमन्दों की सेवा व्यवहारिक रूप में करो (यूहन्ना 13:34)
- मसीह परिचारक का अभ्यास करें और दूसरो को सौपें। लूका 6:38
- विश्वासियो को सिखाओ कि कैसे एक दूसरे की, और अपने समुदाय की सेवा करते हैं। इफिसियो 4:11
- परिवारिक जीवन मजबूत बनाए, समस्याओ में सहायता करे और दोषी को सुधारना। 2 तिमुथियुस 3:16-17
- विश्वासियों के लिए ऐसी व्यवस्था करे कि वह विभिन्न आत्मिक दानों के द्वारा एक दूसरे की सेवा करें। 1 कुरिन्थियों 12
- उपेक्षित लोगों के बीच और आसपास छोटे झुण्ड और कलीसियाए शुरू करें। प्रेरितो के काम 1:8
- अगुवो को इस प्रकार प्रशिक्षण दे कि वह जब नए अगुवो को प्रशिक्षण दे तो इसकी नकल करें। 2 तिमुथियुस 2:2

2. अपने सहकर्मी के साथ उपेक्षित लोगों के समूह में सेवको को भेजने की योजना बनाओ।

इन महत्वपूर्ण गतिविधियों को पूरा करने में कई सप्ताह लग सकते हैं।

- किन लोगों का समूह अभी भी कलीसिया की आवश्यकता, पुनः स्थापित होने में चाहता है, जिसमें तुम्हारे सेवक जा सके।
- उपेक्षित लोगों के समूह के लिए प्रार्थना करें जिसे आपकी कलीसिया ने, पहुँचने के लिए, चुना है।
- विश्वासियो से मिलिए जो उपेक्षित क्षेत्र में जाना चाहते हैं, और उन्हें तैयार करना शुरू करें तुरन्त उनकी सहायता करें जरूरी योग्यताओं के प्रशिक्षण को शुरू करने में। (वह ऊपर क्रमांक में है)
- उन विश्वासियों से मिलिए जिन्होंने सेवकों को उपेक्षित क्षेत्र में भेजने के लिए रूचि दिखाई और उनके लिए व्यवस्था करें कि वह सेवको को तैयार करने और भेजने में तुम्हारी सहायता करें।

- निश्चय करें कि सेवकों की सहायता कैसे करेंगे। क्या वह आपकी कलीसिया से या अन्य कलीसिया से सहायता करेंगे। और क्या वे नए सुसमाचार के अक्विला और प्रिस्किल्ला, पौलुस और अन्यो की तरह स्वावलम्बी होंगे। इस प्रकार योजनाए बनाए।
- अपनी कलीसिया के धर्म प्रचारको के लिए साप्ताहिक प्रार्थना की व्यवस्था करें और उन लोगों के लिए जिन तक वह पहुँचना चाहते हैं।
- धर्मप्रचारक के कामों में समस्याओं और उन्नति का विवरण लगातार आपकी कलीसिया को दिया जाए, इस बात का प्रबन्ध करों।
- अन्य झुण्ड के चारवाहों की सहायता करें कि वह अपनी कलीसिया के सेवको को उपेक्षित लोगों के बीच भेजे।
- अपने राज्य की अन्य कलीसियाओं की मदद से सेवक भेजने का प्रबन्ध करें।

3. सहकर्मी यों के साथ अगली आराधना की तैयारी करें।

वर्णन करें कि अन्ताकिया क विश्वासियों ने पौलुस और बरनाबास को कैसे भेजा और उन्होंने चेले कैसे बनाए।

अपनी कलीसिया का सेवको को तैयार करके भेजने की योजना की व्याख्या करो।

उन योग्यताओं पर पुनर्विचार करें जो उन सेवकों में होनी चाहिए जिनको भेजना है।

जिन सेवको ने अन्य जगहों पर धर्मप्रचार का काम किया है वह इसके बारे में बताएँ।

बच्चों ने जो तैयारी की है, उसको प्रस्तुत करें।

प्रभु-भोज से पहले यर्मियाह अध्याय 31:31-34 पढ़ें। व्याख्या कीजिए कि नबी ने नई वाचा की भविष्यवणी की जो यीशु के लहु पर आधारित है और जिसको हम रोटी तोड़ने के वक्त मनाते हैं।

दो तीन लोगों का समूह बनाए जो प्रार्थना करें और नए सेवको को भेजने की योजन बनाए।

एक साथ मत्ति 28:19-20 याद करें।

त्यागे हुए जाति के लोग

आपके आस पडोस मे कुछ सेसी जाति, मण्डली, शहर और पडोस होंगे ली जहा यीशु का सुसमाचार पहुॅचाने के लिये, इसाई जन और कलीसियॉर नही होंगी। वहॉ कुछ विशसी जो है वे प्रभु से विनती कर रहे है कि आप जैसे सेवक को भेजे जो सुसमाचार फैलाने और फलवन्त कलीसियाओं को उत्पन्न करने मे उनके। मदद करे।

Copyright 2004 © by Paul-Timothy. May be freely copied. Download from www.Paul-Timothy.net